>

Title: Need to provide adequate funds for promotion of sports and youth affairs in the country.

श्री इज्यराज सिंह (कोटा): भारत के नवनिर्माण में युवाओं की अहम भूमिका है। इनको अच्छी शिक्षा एवं प्रशिक्षण दिया जाए तो हम युवाओं के माध्यम से देश के विकास की गति को और तेज कर सकते हैं। परंतु देखा गया है कि युवाओं को शिक्षा, प्रशिक्षण एवं अपने निवास से दूर शिक्षा को प्राप्त करने के लिए जिन जगहों पर जाते हैं वहां हॉस्टल की व्यवस्था समुचित रूप से नहीं हो पाती है जिसके कारण उनके शिक्षा एवं प्रशिक्षण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है एवं युवाओं में खेलों की तरफ रूचि कम होती जा रही है जबकि युवाओं के समुचित विकास के लिए खेल भी अति आवश्यक है। इस संबंध में सरकार का ध्यान दिलाने का प्रयास किया तो पता लगा कि खेल एवं युवा मामले मंत्रालय के पास समुचित फंड नहीं है जिसके कारण युवा वर्ग को खेल के प्रति रूचि, प्रशिक्षण एवं शिक्षा को प्राप्त करने एवं हॉस्टल की सुविधा में कई दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मेरे संसदीय क्षेत्र कोटा में युवा वर्ग ने इस प्रकार की शिकायत की है।

सरकार से अनुरोध है कि खेल एवं युवा मामलों के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए आवश्यक फंड की व्यवस्था की जाए और इसको समुचित ढंग से खर्च भी किया जाए।